## खबर संक्षेप

### ग्रामीण अंचलों में धूमधाम से मनाया गया कजलियां पर्व



**शहडोल।** जिले के खैरहा ग्राम पंचायत सहित आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों में पारंपरिक कजलियां पर्व बड़े हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर खैरहा वार्ड पंच मंडल कोल, पूर्व पंच गोकुल नापित, पिछड़ा वर्ग मोर्चा मंत्री कोमल पटेल, अरुण त्रिपाठी, आचार्य रूपेंद्र चतुर्वेदी एवं पत्रकार अखिलेश कुमार शर्मा ने जिला पंचायत निर्माण समिति अध्यक्ष जगन्नाथ शर्मा को कजलियां अर्पित कीं। बच्चों ने भी श्री शर्मा को कजलियां देकर आशीर्वाद प्राप्त किया और टॉफी व मिठाइयों का आनंद लिया।
कजलियां पर्व, जिसे भुजरियां भी कहा जाता है, रक्षा बंधन के दूसरे दिन मनाया जाता है। श्रावण मास की अष्टमी-नवमी को बांस की टोकरी में मिट्टी डालकर गेहूं या जौं बोए जाते हैं, जो नई फसल और खुशहाली के प्रतीक माने जाते हैं। ऐतिहासिक मान्यता है कि यह परंपरा राजा आल्हा-ऊदल के समय से चली आ रही है। पर्व के दिन महिलाएं गाजे-बाजे और पारंपरिक गीतों के साथ कजलियां जल स्त्रोतों में विसर्जित करती हैं। यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था को मजबूत करता है, बल्कि आपसी सौहार्द और प्रकृति संरक्षण का संदेश भी देता है।

### 12 अगस्त को शहडोल में भाजपा की भव्य तिरंगा यात्राः त्रिपाठी



**शहडोल।** स्वतंत्रता दिवस से पूर्व देशभक्ति की भावना को जन-जन तक पहुंचाने और राष्ट्रीय एकता का संदेश देने के उद्देश्य से भारतीय जनता पार्टी नगर शहडोल द्वारा 12 अगस्त को भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। भाजपा नगर शहडोल के अध्यक्ष प्रियम त्रिपाठी ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक हेमन्त खंडेलवाल तथा जिलाध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा के निर्देशानुसार यह यात्रा आयोजित होगी। तिरंगा यात्रा का शुभारंभ शहीद स्मारक (कोतवाली के सामने) से होगा और समापन गांधी चौक पर किया जाएगा।
उन्होंने बताया कि यात्रा में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं आमजन शामिल होंगे। श्री त्रिपाठी ने सभी नागरिकों से अपील की है कि तिरंगे की शान और देश की एकता-अखंडता के सम्मान में अधिक से अधिक संख्या में तिरंगा यात्रा में शामिल होकर इसे सफल बनाएं। भाजपा का यह आयोजन न केवल देशभक्ति का संदेश देगा, बल्कि युवा पीढ़ी को स्वतंत्रता संग्राम के बलिदान और तिरंगे की महत्ता से भी अवगत कराएगा।

### माइंड्स आई इंटरनेशनल स्कूल में हर्षोल्लास से मना रक्षाबंधन

**शहडोल।** माइंड्स आई इंटरनेशनल हाई स्कूल में रक्षाबंधन का पर्व हर्षोल्लास और सांस्कृतिक उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भाई-बहन के पवित्र प्रेम और रक्षा के बंधन का सम्मान करते हुए रंगारंग कार्यक्रम आयोजित हुए। केजी सेक्शन के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधानों में आकर उत्सव की रौनक बढ़ा दी। छोटी बहनों ने अपने भाइयों की कलाई पर सुंदर राखियां बांधीं और भाइयों ने उपहार देकर प्रेम व स्नेह प्रकट किया। कक्षा 1 से 10 तक के विद्यार्थियों के लिए राखी निर्माण एवं आरती थाली सजावट प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतिभागियों ने फूल, कुमकुम, चावल और विभिन्न सजावटी सामग्री से थालियों को सजाया तथा अनोखी व आकर्षक राखियां तैयार कर अपनी रचनात्मकता का परिचय दिया। खास बात यह रही कि प्रतियोगिता में पूर्व-निर्मित सामग्री का प्रयोग वर्जित था, जिससे सभी कृतियां मौलिक रहीं। विद्यालय प्रबंधन ने इस आयोजन को बच्चों में पारंपरिक मूल्यों, कलात्मक प्रतिभा और भाईचारे की भावना को बढ़ावा देने वाला बताया। विजेताओं को बधाई दी गई और कार्यक्रम का समापन प्रेम, विश्वास और जीवनभर की सुरक्षा के संकल्प के साथ हुआ।

---

### मिठाई से फूड प्वाइजनिंग की आशंकाः जिम्मेदार कौन?

# रक्षाबंधन पर मऊ गांव में दो बच्चियों की संदिग्ध मौत

**ब्यौहारी। रक्षाबंधन का पर्व मऊ गांव में मातम में बदल गया, जब एक ही दिन में दो मासूम बच्चियों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजन मौत का कारण मिठाई खाने से हुई फूड प्वाइजनिंग मान रहे हैं, जबकि पुलिस और स्वास्थ्य विभाग जांच में जुटे हैं। लेकिन इस पूरे मामले में सबसे गंभीर सवाल जिले के खाद्य एवं औषधि विभाग की भूमिका पर उठ रहा है, जिसकी लापरवाही और मिलीभगत ने पहले भी कई लोगों को मौत और बीमारी के मुंह में धकेला है।**

मिली जानकारी के अनुसार, थाना ब्यौहारी क्षेत्र के मऊ गांव में कहार और सोंधिया परिवार की दो महिलाएं अपने बच्चों के साथ रक्षाबंधन मनाने मायके आई थीं। रक्षाबंधन के अगले दिन सुबह दिव्या सोंधिया उम्र 3 वर्ष निवासी सतना, उल्टी-दस्त से बीमार हुई और कुछ ही देर में उसकी मौत हो गई। परिजन शव को बिना पोस्टमार्टम कराए ससुराल ले गए। उसी दिन दोपहर में हंसनी कहार उम्र 11 वर्ष निवासी चरखरी भी उल्टी-दस्त की शिकार हुई और सिविल अस्पताल ब्यौहारी में दम तोड़ दिया। हंसनी का पोस्टमार्टम कराया गया है, जबकि रिपोर्ट अभी लंबित है।

नगर निरीक्षक अरुण पांडेय ने बताया कि अस्पताल से एक बच्ची की मौत की सूचना मिलने पर मर्ग कायम कर जांच शुरू की गई है। प्रारंभिक जांच में परिजनों ने बताया कि एक परिवार ने मिठाई अमन डेयरी एंड स्वीट सेंटर चुंगी नाका ब्यौहारी से खरीदी थी, जबकि दूसरे परिवार ने बाबा होटल एंड स्वीट्स भंडार गोविंदगढ़ से लाई थी। दोनों बच्चियों ने ये मिठाइयां खाई थीं। यह कोई पहला मामला नहीं है। लगभग डेढ़-दो साल पहले भी अमन डेयरी से खरीदी गई रसमलाई खाने के बाद सैकड़ों लोग बीमार होकर अस्पताल में भर्ती हुए थे। हाल ही में एक व्यापारी के दुकान उद्घाटन में भी इसी दुकान की रसमलाई खाने से कई लोग फूड प्वाइजनिंग के शिकार हुए। बावजूद इसके, जिम्मेदार विभाग ने अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि शहडोल जिला खाद्य एवं औषधि विभाग के अधिकारी आर.के. सोनी केवल औपचारिक जांच करते हैं। वे न तो नियमित निगरानी करते हैं और न ही मिलावटखोरों पर कार्रवाई। आरोप है कि उन्होंने जिले की मिठाई, किराना और अन्य खाद्य उत्पादन व बिक्री करने वाली दुकानों से मासिक वसूली की व्यवस्था बना रखी है, जिसके बदले दुकानदारों को मिलावट और गंदगी फैलाने की खुली छूट दी जाती है। यही कारण है कि त्योहार के सीजन में भी खुलेआम मिलावटी और खराब सामग्री की बिक्री हो रही है।



दो बच्चियों की मौत के बाद ग्रामीणों और परिजनों में गुस्सा है। उनका कहना है कि इस घटना के लिए सीधे-सीधे खाद्य एवं औषधि विभाग और उसके अधिकारी जिम्मेदार हैं, जिन्होंने अपनी जिम्मेदारी निभाने के बजाय मिलावटखोरों से सांठगांठ कर जनता की जान खतरे में डाल दी। यह हादसा केवल एक पारिवारिक त्रासदी नहीं, बल्कि पूरे सिस्टम की नाकामी का सबूत है। अगर समय रहते विभाग सख्ती दिखाता और दोषी दुकानों पर कार्रवाई करता, तो शायद ये दोनों मासूम आज जिंदा होतीं। अब देखने वाली बात यह है कि क्या प्रशासन और सरकार इस मामले में दोषियों पर कार्रवाई करती है या यह भी पिछले मामलों की तरह ठंडे बस्ते में चला जाएगा।

#### इनका कहना है...

एक बच्ची की मौत की जानकारी आई है, हमें पीएमके बाद बिसरा रिपोर्ट का इंतजार है, दोषियों को किसी भी स्थिति में बख्सा नहीं जायेगा, दूसरी बच्ची की भी जानकारी हम एकत्र करते हैं।

**डॉ. राजेश मिश्रा**
**सीएमएचओ शहडोल**

---

### दिव्यांग दंपति दर-दर भटक रहा, उधारदाताओं का बढ़ा दबाव

# मंच पर मिला चेक, खाते में अब तक नहीं आई कन्यादान राशि




### 900 से ज्यादा जोड़ों को नहीं मिली मुख्यमंत्री कन्यादान योजना की रकम

**शहडोल।** 14 मई को शहडोल के कंकाली मंदिर में मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत भव्य सामूहिक विवाह हुआ था। मंच से 49 हजार रुपये का चेक थमाया गया, फोटो खिंचवाई गई, लेकिन दो महीने बीतने के बाद भी राशि खाते में नहीं आई। दिव्यांग दंपति श्याम लाल और सरोज सोंधिया की बेटी सोहानी की शादी त्रिवेणी से हुई, जो होटल में मामूली वेतन पर काम करता है। अब उधारदाताओं का दबाव इस गरीब परिवार की मुसीबत बढ़ा रहा है। 14 मई 2025 को शहडोल के कंकाली मंदिर परिसर में मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में बड़ी संख्या में जोड़ों ने सात फेरे लिए थे। मंच पर भव्य कार्यक्रम के बीच हर दंपति को 49 हजार रुपये की राशि का चेक थमाया गया, फोटो खिंचवाए गए और मीडिया में तस्वीरें भी खूब छपीं, लेकिन अब, दो महीने बाद भी यह राशि लाभार्थियों के खाते में नहीं पहुंची है, जिससे कई परिवार आर्थिक संकट में फंस गए हैं। इसी कार्यक्रम में दिव्यांग दंपति श्याम लाल सोंधिया और उनकी पत्नी सरोज सोंधिया की बेटी सोहानी की शादी त्रिवेणी से हुई थी। त्रिवेणी शहडोल के एक होटल में कप-प्लेट धोने का काम करता है और बेहद कम वेतन पर परिवार का गुजर-बसर करता है। शादी के दौरान परिवार ने यह सोचकर कई जगह से उधार ले लिया था कि 49 हजार रुपये की कन्यादान योजना की राशि जल्द ही खाते में आ जाएगी और कर्ज चुका दिया जाएगा। लेकिन आज तक पैसा नहीं आने से यह परिवार कर्जदाताओं के दबाव और मानसिक तनाव से जूझ रहा है।

#### चेक देकर खिंचवाई थी फोटो

श्याम लाल और सरोज दोनों ही दिव्यांग हैं। अपनी बेटी की शादी के लिए उन्होंने रिश्तेदारों, जान-पहचान वालों और स्थानीय दुकानदारों से उधार लिया था। शादी में टेंट, बर्तन, श्रृंगार, पंडित, सिंदूर और अन्य सामग्रियां भी उधार पर मंगवाई गईं। कार्यक्रम में मंच से प्लास्टिक के चेक देकर सरकारी अधिकारियों और नेताओं ने तस्वीरें खिंचवाईं, लेकिन अब हकीकत में कोई मदद मिलती नहीं दिख रही है। जिले में मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत इस साल कुल 1115 शादियां हुई थीं। इनमें से 174 जयसिंहनगर क्षेत्र में हुईं, जिनका भुगतान हो चुका है। बाकी 941 जोड़ों को अब तक राशि नहीं मिली है। खास बात यह है कि शहडोल मुख्यालय के सोहागपुर विकासखंड में ही 188 जोड़ों ने विवाह किया था, लेकिन यहां भी अधिकांश को भुगतान का इंतजार है।

#### हर बार हो रही निराशा

घरौला मोहल्ला निवासी सोंधिया दंपति बताते हैं कि वे रोज अपना बैंक खाता चेक करते हैं, कभी नगर पालिका तो कभी बैंक के चक्कर काटते हैं, लेकिन हर बार उन्हें निराशा ही हाथ लगती है। शादी को दो महीने हो गए, लेकिन पैसा नहीं आया। जिनसे उधार लिया था, अब वे लगातार दबाव बना रहे हैं। हमें समझ नहीं आ रहा कि सरकार के इस वादे का क्या होगा, श्याम लाल ने मायूसी भरे स्वर में कहा। यह अकेली कहानी नहीं है। जनपद मुख्यालय के कई अन्य लाभार्थी भी कन्यादान योजना की राशि के इंतजार में हैं।



विवाह के दौरान टेंट मालिक, पंडित, श्रृंगार सामग्री आपूर्तिकर्ता, बर्तन वाले सभी अपने बकाया भुगतान के लिए चक्कर लगा रहे हैं। विभागीय सूत्रों के अनुसार, योजना की राशि के भुगतान में फाइलों का अटकना, बजट की स्वीकृति में देरी और तकनीकी कारण बताए जा रहे हैं। लेकिन आम लोगों के लिए यह सब सिर्फ बहाने हैं, क्योंकि उनकी परेशानी रोज बढ़ रही है।

#### योजना का मकसद ही अधूरा

विभाग के बाबू भी इस इंतजार में हैं कि कब फंड आए और भुगतान प्रक्रिया पूरी हो। कई लोगों का कहना है कि सामूहिक विवाह के समय सरकारी मंच पर जिस तरह से चेक थमाकर फोटो खिंचवाए गए, उससे लगा था कि पैसा तुरंत आ जाएगा। लेकिन अब लगता है कि यह सिर्फ औपचारिकता और दिखावे का हिस्सा था। कई सामाजिक कार्यकर्ताओं का कहना है कि गरीब और दिव्यांग परिवारों के साथ इस तरह का व्यवहार अमानवीय है। मुख्यमंत्री कन्यादान योजना का उद्देश्य ही गरीब बेटियों की शादी में आर्थिक मदद करना है, लेकिन यदि राशि महीनों बाद भी न पहुंचे तो योजना का मकसद ही अधूरा रह जाता है। फिलहाल, सोंधिया परिवार और जिले के अन्य सैकड़ों लाभार्थी बस इसी आस में हैं कि कब सरकारी मशीनरी सक्रिय होगी और उनके खाते में यह वादा किया गया 49 हजार रुपये आएंगे, ताकि वे अपने कर्ज चुका सकें और चैन की सांस ले सकें।

---

# अनोखी पहलः हेलमेट के साथ 'सुरक्षा सूत्र' बांधकर दिलाया जीवन रक्षा का वचन





शहडोल। संभागीय मुख्यालय में परिवहन विभाग ने यातायात नियम तोडने वालों को सजा देने की बजाय एक संवेदनशील और प्रेरणादायी तरीके से जागरूक करने की पहल की। शहर के सबसे व्यस्त गांधी चौक पर जिला परिवहन अधिकारी श्रीमती अनपा खान के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान में बिना हेलमेट चलने वाले दोपहिया वाहन चालकों को न केवल हेलमेट भेंट किए गए, बल्कि रक्षा सूत्र बांधकर उनसे जीवनभर हेलमेट पहनने का वचन भी लिया गया।

#### हेलमेट के साथ रक्षा सूत्र का संदेश

गांधी चौक पर चल रहे हेलमेट चेकिंग अभियान के दौरान जिन वाहन चालकों के सिर पर सुरक्षा कवच नहीं था, उन्हें परिवहन अधिकारी अनपा खान ने स्वयं रक्षा सूत्र (राखी) बांधी। इस दौरान उन्होंने कहा राखी केवल भाई-बहन का त्यौहार नहीं, बल्कि यह जीवन की रक्षा का वचन भी है। आज हम आपके जीवन की सुरक्षा के लिए यह 'सुरक्षा सूत्र' बांध रहे हैं, बदले में आप हमें वचन दें कि अपने और अपने परिवार की सुरक्षा के लिए हमेशा हेलमेट पहनेंगे। अभियान में महिला पुलिस अधिकारियों, परिवहन विभाग की महिला कर्मचारियों और कई महिला यात्रियों ने भी आगे बढक़र वाहन चालकों को रक्षा सूत्र बांधा और उनसे हेलमेट लगाने का संकल्प लिवाया।

#### जुर्माने के बजाय मिला जीवन रक्षक उपहार

इस अनोखी पहल में बिना हेलमेट के पाए गए 10 वाहन चालकों को उपहार स्वरूप हेलमेट प्रदान किए गए। मौके पर मौजूद अधिकारियों ने उन्हें समझाया कि हेलमेट पहनना केवल कानूनी नियमों का पालन नहीं, बल्कि स्वयं और परिवार के जीवन की रक्षा का सबसे सरल तरीका है। कार्यक्रम में मनोज टीवीएस के संचालक एवं समाजसेवी मनोज गुप्ता, स्थानीय पत्रकार, क्षेत्र के बुद्धिजीवी और आम नागरिक मौजूद रहे। सभी ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह तरीका लोगों के दिल को छूने वाला है और इससे सडक़ सुरक्षा के प्रति जागरूकता में सकारात्मक बदलाव आएगा।

#### सडक़ सुरक्षा का महत्व समझाया

अभियान के दौरान परिवहन विभाग की टीम ने वाहन चालकों और आम नागरिकों को विस्तार से बताया कि सडक़ पर हेलमेट का उपयोग किस तरह गंभीर हादसों में जीवन बचा सकता है। एक छोटा-सा सुरक्षा उपकरण किसी भी दुर्घटना में गंभीर चोटों से बचाकर परिवार को अपार दुख से बचा सकता है। श्रीमती अनपा खान ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा आपका जीवन आपके परिवार, समाज और देश के लिए बहुमूल्य है। सडक़ पर निकलते समय हमेशा हेलमेट पहनें। यह केवल कानूनी बाध्यता नहीं, बल्कि आपकी और आपके प्रियजनों की सुरक्षा की गारंटी है।

#### प्रेरणा से बदलाव का संदेश

गांधी चौक पर कुछ घंटों तक चले इस अभियान में दर्जनों लोगों को सडक़ सुरक्षा का महत्व समझाया गया। यह पहल इस संदेश के साथ समाप्त हुई कि सजा से ज्यादा असर प्रेरणा और संवेदनशीलता से आता है। हेलमेट भेंट करने और रक्षा सूत्र बांधने जैसी पहल न केवल नियम पालन की प्रेरणा देती है, बल्कि यह भी साबित करती है कि प्रशासन नागरिकों की सुरक्षा के लिए दिल से चिंतित है।

---

# साखी गांव में रेत माफिया का तांडव तहसीलदार से अभद्रता और तालाब में रेत खाली

### ब्यौहारी में सीमांकन के दौरान हुई घटना, पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त कर जांच शुरू की

**शहडोल।** जिले के ब्यौहारी थाना क्षेत्र के साखी गांव में रविवार को रेत माफिया की दबंगई उस समय सामने आई जब सीमांकन के लिए पहुंचे तहसीलदार के साथ गाली-गलौज और झूमाझटकी की गई। यही नहीं, आरोपियों ने रेत से भरे ट्रैक्टर को तालाब में उतारकर पानी में रेत खाली कर दी। घटना के बाद तहसीलदार ने मामले की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों और पुलिस को दी, जिसके बाद पुलिस ने आरोपी के घर से ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त कर जांच शुरू कर दी है। ब्यौहारी तहसीलदार शनि द्विवेदी ने बताया कि वह साखी गांव में एक जमीनी विवाद मामले में सीमांकन की प्रक्रिया के लिए जा रहे थे। रास्ते में उन्होंने देखा कि राजस्व भूमि से अवैध रूप से रेत से भरा ट्रैक्टर जा रहा है। उनके वाहन चालक ने साइड लेने के लिए हूटर बजाया, तो ट्रैक्टर चालक ने फोन कर अपने मालिक आशीष तिवारी को सूचना दे दी, जो उसी गांव का निवासी है।

#### चालक मौके से फरार, मालिक की एंट्री

हूटर बजने के बाद ट्रैक्टर चालक ने वाहन को साइड में खड़ा किया और मौके से भाग गया। इस बीच ट्रैक्टर मालिक आशीष तिवारी वहां पहुंच गया। उसे शक हुआ कि तहसीलदार उसके ट्रैक्टर को जब्त करने आए हैं। इस पर उसने मौके पर ही तहसीलदार से बहस शुरू कर दी और माहौल गरमा गया। तहसीलदार के मुताबिक, आशीष तिवारी ने अपने भतीजे को बुलाया, जिसने पहुंचते ही तहसीलदार से गाली-गलौज शुरू कर दी। बात इतनी बढ़ गई कि आरोपी के भतीजे ने ट्रैक्टर को पास स्थित तालाब में उतारकर ट्रॉली में भरी रेत पानी में खाली कर दी। तहसीलदार ने साफ किया कि वह केवल सीमांकन कार्य के लिए आए थे, न कि वाहन जब्ती की कार्रवाई के लिए, लेकिन आरोपियों ने लगातार विवाद और अभद्रता जारी रखी।



#### झूमाझटकी और धमकी

तहसीलदार द्विवेदी ने आरोप लगाया कि माफिया ने उनके साथ झूमाझटकी की और कहा— तुम्हें अधिकार नहीं है कि मेरे वाहन को जब्त करो। इस दौरान माहौल तनावपूर्ण हो गया। इसके बाद आरोपी ट्रैक्टर-ट्रॉली को अपने घर ले गया, जबकि रेत पहले ही तालाब में गिरा दी गई थी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और हालात का जायजा लिया। आरोपी के घर से ट्रैक्टर और ट्रॉली जब्त कर थाने में खड़ा किया गया है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

#### मामले को पलटने की कोशिश

घटना के बाद अब रेत माफिया ने उल्टा तहसीलदार पर ही मारपीट का आरोप लगाया है। पुलिस दोनों पक्षों के बयानों के आधार पर मामले की पड़ताल कर रही है। ब्यौहारी पुलिस ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि आरोपी के घर से ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त कर ली गई है और जांच में सभी पहलुओं को देखा जा रहा है। साथ ही तालाब में खाली की गई रेत और अवैध खनन की पुष्टि के लिए संबंधित विभाग से रिपोर्ट मांगी जाएगी।

#### अवैध रेत परिवहन पर सवाल

यह घटना एक बार फिर से अवैध रेत परिवहन और खनन माफिया के हौसले बुलंद होने की ओर इशारा करती है। सरकारी अधिकारी के सामने ही तालाब में रेत खाली करने की घटना न केवल कानून व्यवस्था, बल्कि प्रशासनिक साख पर भी सवाल खड़े करती है। गांव के कई लोगों ने इस घटना पर नाराजगी जताई और कहा कि रेत माफिया की दबंगई से आम लोग भी परेशान रहते हैं। वहीं, ग्रामीणों ने पुलिस और प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति सरकारी कार्य में बाधा डालने का साहस न कर सके।

#### इनका कहना है...

मैं सरकारी कार्य के लिए मौके पर गया था। रेत माफिया ने न केवल गाली-गलौज और झूमाझटकी की, बल्कि तालाब में रेत खाली कर सरकारी कार्रवाई में बाधा डाली। यह न केवल अवैध खनन का मामला है, बल्कि शासकीय कार्य में बाधा और राजस्व भूमि को नुकसान पहुंचाने की गंभीर घटना है।

**शनि द्विवेदी**
**तहसीलदार, ब्यौहारी**

---

# 79 वें स्वतंत्रता दिवस पर हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान शुरू

### जनपद पंचायत गोहपारू में 8 से 15 अगस्त तक चलेगा विशेष कार्यक्रम

**शहडोल।** 79 वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में जनपद पंचायत गोहपारू में संस्कृति मंत्रालय एवं जल शक्ति मंत्रालय के संयुक्त तत्वावधान में हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता थीम पर विशेष अभियान की शुरुआत की गई है। यह अभियान 8 अगस्त से 15 अगस्त 2025 तक मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुधीर कुमार दिनकर के मार्गदर्शन में संचालित हो रहा है। इससे पहले 1 से 7 अगस्त तक जन-जागरूकता गतिविधियां आयोजित की गईं।अभियान का मुख्य उद्देश्य नागरिक कर्तव्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और स्वच्छ, सुरक्षित गांव की परिकल्पना को साकार करना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से इस पहल के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में सतत स्वच्छता, सुरक्षित जल आपूर्ति और जल संरक्षण के संदेश को बढ़ावा दिया जा रहा है। अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार मिश्रा ने बताया कि अभियान के दौरान स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) और जल जीवन मिशन के सहयोग से ग्राम पंचायतों में सामुदायिक सफाई, जल संरक्षण गतिविधियां, सार्वजनिक स्थलों की सफाई और जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित होंगे। 15 अगस्त को ध्वजारोहण समारोह के साथ इसका समापन होगा, जिसमें स्वच्छता और जल संरक्षण का संदेश प्रमुखता से प्रस्तुत किया जाएगा। अभियान में महिला समूह, युवा समितियां, विद्यालय के विद्यार्थी, स्वयंसेवक और स्थानीय संगठन सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं। 1 से 8 अगस्त के बीच जागरूकता रैलियां, गोष्ठियां और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को जोड़ा गया। साथ ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर हर घर तिरंगा और हर घर स्वच्छता हैशटैग के साथ व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया, ताकि अभियान की पहुंच अधिकतम लोगों तक हो सके।

## खबर संक्षेप

### मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्त करण के संबंध में बैठक कल

**उमरिया।** संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदान केन्द्रो में मतदाताओं की संख्या 1500 से घटाकर 1200 किए जाने की पूर्व तैयारी तथा मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्त करण के संबंध में बैठक 13 अगस्त को सायं 4 बजे से कलेक्टर सभागार में आयोजित की गई है । बैठक में मान्यता प्राप्त दलों के प्रतिनिधियो से उपस्थिति की अपेक्षा की गई है ।

### 15 अगस्त को शुष्क दिवस घोषित

**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस को शुष्क दिवस घोषित किया है। इस दौरान जिले की समस्त कंपोजिट देशी, विदेशी मदिरा दुकाने, देशी मद्यभंडागार, बीयर बार एवं एफ एल -3ए दुकाने बंद रखी जाए । शुष्क दिवस में कहीं भी मदिरा का अवैध विक्रय नही हो, इसके लिए सतत गश्त एवं निगरानी रखें। आदेश का कड़ाई से पालन कराया जाए।

### मिलावटखोरों पर स्वास्थ्य विभाग करे सख्त कार्यवाही: कलेक्टर



**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने समय सीमा की बैठक में सीएमएचओ तथा जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी को निर्देश दिए हैं कि उमरिया जिला अंतर्गत संचालित समस्त होटलों, ढाबों, किराना दुकानों,डेयरी,मिष्ठान भंडारों आदि का समय समय पर निरीक्षण किया जाए इसके साथ ही जो खाद्य सामग्री अमानक स्तर की पाई जाती है, उस पर त्वरित कार्यवाही की जाए। उन्होने कहा कि यदि निरीक्षण के दौरान होटलो, ढाबों,मिष्ठान भंडारों आदि में गंदगी तथा स्वच्छता का आभाव पाया जाता है तो उन्हे, साफ सफाई रखने हेतु निर्देश जारी करते हुए फाइन लगाने की कार्यवाही भी की जाए। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही नही बरती जाए । बैठक में संयुक्त कलेक्टर रीता डेहरिया, एसडीएम बांधवगढ़ कमलेश नीरज, एसडीएम मानपुर टी.आर.नाग, एसडीएम पाली अंबिकेश प्रताप सिंह, डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले, हरनीत कौर कलसी सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।

### धूमधाम से मनाया गया कजलियां का त्यौहार



**बदरा/जमुना।** राधा कृष्ण मंदिर सकोला प्राचीन राधा कृष्ण मंदिर में रक्षाबंधन के दूसरे दिन कजलियां पर्व मनाया गया। ग्रामीण महिलाएं गीत गाते हुए घर से टोकनी में कजलिया लेकर राधा कृष्ण मंदिर में एकत्रित हुए। समाज सेवा से जुड़े राजेंद्र विश्वकर्मा ने बताया कि बड़े बुजुर्ग के समय से चली आ रहीयह परंपरा हर वर्ष बड़े धूमधाम से मनाई जाती है जिसमें ग्रामीणों की भारी भीड़ होती है। मंदिर परिषद में कजलिया भगवान के चरणों में चढ़ाकर ग्रामीणएवं महिलाएं तालाब विसर्जन हेतु गए फिर शाम को एकत्रित होकर देर रात तक एक दूसरों को बधाई कामना दिए और बड़ों का आशीर्वाद लिए जिसमें राजकुमार, विजय, गोपाल, पारस, सुभाष, शिवानी, सुहासिनी, रौनक, अयोध्या साहू, राघव साहू एवं अन्य ग्रामीणों की भीड़ रही।

### मानपुर में 14 अगस्त को वृहद तिरंगा यात्रा कार्यक्रम का होगा आयोजन

# कलेक्टर की अध्यक्षता में हर घर तिरंगा अभियान

**उमरिया।** शासन के निर्देशानुसार जिले में भी हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता , स्वतन्त्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग थीम पर कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है । कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता में अभियान के सफल संचालन हेतु बैठक कलेक्टर सभागार में संपन्न हुई । कलेक्टर ने कहा कि मानपुर विकासखंड में 14 अगस्त को वृहद स्तर पर तिरंगा यात्रा आयोजन किया जाएगा । इस तिरंगा यात्रा में गणमान्य नागरिकों,समाजसेवियों, स्वयं सेवी संस्थाओं,पत्रकारों से जुडने का आग्रह किया गया है । उन्होने कहा कि जिले के तीनो विकासखंडों में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाए । यह पहल लोगों के दिलों में देशभक्ति की भावना जागृत करेगा । तिरंगा यात्रा, स्वच्छता के कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाए । जिला एवं तहसील स्तर पर अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया जाए ।

उन्होने बताया कि द्वितीय चरण 12 अगस्त तक संचालित होगा । इस दौरान लोगों को साथ लाने, मीडिया मे प्रसार, ध्वजों की उपलब्धता तथा सार्वजनिक स्थलों पर तिरंगे की विसिबिलिटी हेतु प्रयास किया जाना,स्थानीय उत्पादों पर केंद्रित तिरंगा मेला, तिरंगा कंसर्ट, तिरंगा बाइक / तिरंगा साइकिल रेली, उच्च जनभागीदारी के साथ तिरंगा यात्रा, तिरंगा ध्वज की बिक्री और समुचित व्यवस्था, मानव श्रृंखला निर्माण, तिरंगा गान आदि महत्वपूर्ण घटक हैं।

तीसरे चरण में 13 से 15 अगस्त तक घर , कार्यालय तथा वाहनों पर तिरंगा लगाना, सेल्फ़ी अपलोड, सर्वत्र तिरंगे की दृश्यता तथा संस्कृति मंत्रालय के साथ सूचनाओं का सतत आदान-प्रदान किया जाना हर जगह तिरंगा दृश्यता, तिरंगा के साथ रिकॉर्ड इत्यादि महत्वपूर्ण कार्यक्रम हैं। जिले के समाजसेवियों, गणमान्य नागरिकों, स्वसहायता समूह की महिलाओं, स्व यंसेवी संस्थाओं, जनप्रतिनिधियों, जन अभियान परिषद को आव्हान करते हुए कहा कि तीन चरणों में आयोजित होने वाले हर घर तिरंगा अभियान में सभी अपनी सहभागिता अवश्य दर्ज कराएं। कार्यक्रम में ज़िलों, ब्लॉकों और ग्राम पंचायतों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने करने का आग्रह किया गया जिसमें स्थानीय संस्थाओं, ग्राम जल सेवा समितियों, स्वयं सहायता समूहों, पंचायती राज संस्थाओं, साथ ही स्कूली बच्चों, स्वयंसेवकों और अग्रिम पंक्ति के कार्यकर्ताओं को इस अभियान का नेतृत्व करने और इसमें भाग लेने के लिए प्रेरित करने पर विशेष ज़ोर दिये जाने हेतु अपील की गई । हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता , स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग की थीम अनुरूप तिरंगा फहराया जाने एवं इससे सम्बन्धित समस्त आवश्यक व्यवस्थाएँ भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गए । व्यापक जनभागीदारी के साथ ही झण्डा फहराने की सेल्फी अपलोड करने के लिए प्रोत्साहित करते हुए अधिकाधिक संख्या में झण्डों की आपूर्ति स्थानीय स्तर से सुनिश्चित किया जाएगा ।



# कलेक्टर की अध्यक्षता में समय सीमा की बैठक संपन्न

### सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का शत प्रतिशत निराकरण करने के कलेक्टर ने दिए निर्देश



**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता में कलेक्टर सभागार में समय सीमा की साप्ताहिक बैठक संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए कहा कि सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों का शत प्रतिशत निराकरण किया जाए । सीएम हेल्पलाइन की कोई भी शिकायत अनअटेंडेड नही रहे । प्रत्येक शिकायत को विस्तार से पढ़ते हुए उनका निराकरण समयसीमा के अंदर किया जाए।बैठक में कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने मुख्यमंत्री निवास से प्राप्त आवेदनों, आयुक्त शहडोल संभाग कार्यालय से प्राप्त आवेदनो तथा जनसुनवाई, न्यायालयीन प्रकरणों, मानवाधिकार के पत्रों, फैक्ट न्यूज आदि की समीक्षा करते हुए जिला प्रमुख अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी दायित्वों का निर्वहन समय सीमा में अनिवार्य रूप से करें। कलेक्टर ने लोक सेवा गारंटी के तहत प्रकरणों के समय सीमा से बाहर होने पर पेनाल्टीक लगाने के निर्देश दिए। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने समय सीमा की साप्ताहिक बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग को पीएम मातृ वंदना योजना से संबंधित शिकायतों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। बैठक में संयुक्त कलेक्टर रीता डेहरिया, एसडीएम बांधवगढ़ कमलेश नीरज, एसडीएम मानपुर टी आर नाग, एसडीएम पाली अंबिकेश प्रताप सिंह,डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले,हरनीत कौर कलसी सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे ।

# मृत वन प्राणी की प्रजाति ज्ञात करने हेतु सेंपल बरेली एवं जबलपुर भेजा गया

### घोघरा नाला के पास मृत वन्य प्राणी का शव बरामद

**उमरिया।** उप संचालक बांधवगढ टाईगर रिजर्व ने बताया कि बीट सलखनिया, रेंज पनपथा बफर , उप वन मंडल पनपथा , वन मण्डल बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में सुबह बीट प्रभारी एवं श्रमिक पैदल गस्ती के दौरान गस्ती दल को सलखनिया बीट के कक्ष क्रमांक 601 आर एफ के घोघरा नाला के पास क्षेत्र में मृत वन्य प्राणी का शव दिखाई दिया। मृत वन प्राणी की प्रजाति ज्ञात करने के लिए फॉरेंसिक( डी एन ए )जांच हेतु बरेली ( उत्तरप्रदेश ) एवं जबलपुर सेंपल को भेजा गया उन्होने बताया कि 9 अगस्त को निर्धारित प्रोटोकॉल अनुसार डॉग स्क्वाड और मेटल डिटेक्टर से सर्चिंग किया गया। दिनांक 10 अगस्ता को डॉक्टर की टीम के विधिवत शव परीक्षण की कार्यवाही की गई। शव परीक्षण में वन्य प्राणी के सभी अंग मौजूद पाए गए। पी एम के दौरान विषरा एकत्रित की गई , इसके परीक्षण हेतु भेजा जा रहा है वन्य प्राणी की जांच रिपोर्ट आने के उपरांत ही वन्य प्राणी किस प्रजाति का है और किस कारण से मृत्यु हुई है तब ही ज्ञात हो पाएगा। वन अपराध क्रमांक 7450 /05 दिनांक 09 / 08/ 25 दर्ज कर विवेचना की जा रही है।



विपरीत परिस्थिति के बावजूद भी टीम के द्वारा गाइडलाइन के अनुसार विधिवत रूप से कार्यवाही पूर्ण की गई । कार्यवाही के दौरान उपस्थित दल- उप संचालक बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व उमरिया , एन टी सी ए के प्रतिनिधि , वन प्राणी स्वास्थ्य चिकित्सा , डॉक्टर वेटरनरी डॉक्टर मानपुर , सहायक संचालक पनपथा , रेंज ऑफिसर पनपथा बफर , फील्ड स्टाफ , आदि उपस्थित रहे ।वन्य प्राणी का नियमानुसार संस्कार किया गया। विवेचना अधिकारी प्रत्येक श्रीवास्तव परिक्षेत्र अधिकारी पनपथा बफर कर रहे है।

# बीएसएनएल का फ्रीडम प्लान लांच

### 1 रुपए में 4जी, 5जी सिम व कई सुविधाएं

**हरिभूमि न्यूज़अनूपपुर/राजनगर।** भारत संचार निगम लिमिटेड बीएसएनएल ने ग्राहकों के लिए एक आकर्षक फ्रीडम प्लान लॉन्च किया हैए जिसकी शुरुआत 1 अगस्त से हो चुकी है। इस योजना के तहत मात्र 1 रुपए के रिचार्ज पर बीएसएनएल का 4जी और 5जी सिम कार्ड बिल्कुल मुफ्त दिया जा रहा है। इसके साथ ही दूसरे ऑपरेटर के सिम को भी सिर्फ 1 रुपए में बीएसएनएल में पोर्ट करने की सुविधा दी जा रही है। इस योजना में 30 दिन की वैधता के साथ ग्राहकों को हर दिन 2जी हाई. स्पीड डेटा, अनलिमिटेड कॉलिंग और 100 एसएमएस प्रतिदिन की सुविधा मिल रही है। यह प्लान नया सिम लेने वाले ग्राहक या मोबाइल नंबर पोर्टेबिलिटी एसएमएस के जरिए बीएसएनएल में आने वाले उपभोक्ताओं के लिए है। ग्राहक यह प्लान बीएसएनएल के सभी ग्राहक सेवा केंद्र, अधिकृत फ्रेंचाइजी, रिटेलर और डीएस, एजेंटों के माध्यम से प्राप्त कर सकते हैं। इस फ्रीडम प्लान की वैधता 31 अगस्त 2025 तक रहेगी। बीएसएनएल बिलासपुर के अफसरों ने बताया कि बीएसएनएल की 4जी सेवाएं लगातार विस्तार कर रही हैं।यह फ्रीडम प्लान डिजिटल इंडिया की दिशा में एक मजबूत कदम है। ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में इस प्लान को लेकर उपभोक्ताओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। बीएसएनएल का यह कदम निजी ऑपरेटरों के महंगे प्लानों के मुकाबले ग्राहकों को किफायती विकल्प उपलब्ध कराने में मददगार साबित हो सकता है।

BSNL
Connecting Bharat

### भरोसा आज भी कायम

वर्ष 2002 में बीएसएनएल ने सेलवन के नाम से 2जी नेटवर्क लॉन्च किया था। वर्ष 2007 में सेलवन से बीएसएनएल मोबाइल का नाम दिया गया। वह 2जी नेटवर्क आज भी की कीपैड मोबाइलो में चल रहा है। 2ळ नेटवर्क 23 वर्षों से अधिक समय से सुचारू रूप से अनेक क्षेत्रों में काम कर रहा है। तकनीक जरूर पुरानी हो गई है, लेकिन भरोसा अभी भी कायम है। आज भी वरिष्ठ नागरिक, बच्चे,महिलाएं, ग्रामीण/शहरी क्षेत्र के निवासी 2जी नेटवर्क पर ज्यादा भरोसा रखते हैं। क्योंकि उन्हें सिर्फ बात करना होता है। बीएसएनएल के रिचार्ज भी अन्य कंपनियों की अपेक्षा काफी किफायती दरों पर उपलब्ध है। जिसके कारण बीएसएनएल कि एक अलग पहचान है।

# क्षमता से अधिक वाहन सड़कों का निकाल रहे कचूमर

### आवागमन मे होती परेशानी, जिम्मेदारों की चुप्पी



**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** ग्रामीण अंचल में क्षेत्रवासियों को सुलभ आवागमन हेतु शासन द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क की सौगात दी जाती है, लेकिन इसका फायदा क्षेत्र में भारी वाहन चालक उठाते हुए सड़कों को जर्जर करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं। केशवाही रोड से रेउला गांव होकर लामाटोला गांव तक जाने वाली एवं कोतमा से निगवानी जाने वाली सड़क की स्थिति काफी जर्जर है। इससे वहां की बड़ी आबादी को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनाई गई यह सड़क कई गांव को जोड़ने वाली मुख्य सड़क है। इसके बावजूद कई वर्षों से यह सड़क जर्जर पड़ी है। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे और गिट्टी निकलने के कारण लोगों ने अब इस सड़क से आना-जाना छोड़ दिया है. बगल की कच्ची सड़क से लोग आवागमन करते हैं. ऐसे में लोगों को कोतमा बाजार पहुंचाना, बच्चों की पढ़ाई के लिए स्कूल आना जाना, रोगियों को डॉक्टर के पास ले जाने में ग्रामीणों को इन दिनों कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है।

निर्माण के कुछ वर्षों बाद ही सड़क हो गई थी जर्जर

बरसात के मौसम में सड़क की हालात बद से बदतर बन जाती है। विदित हो कि निर्माण के कुछ वर्षों बाद ही सड़क जर्जर हो गई थी. सड़क की हालत इतनी बदतर है कि अब इस पर अलकतरा भी नजर नहीं आता है. इस पर दो पहिया वाहन और साइकिल चालक भी स्लिप करते हैं। कोई भी चार पहिया वाहन चालक इस रोड में आना नहीं चाहता है। ग्रामीणों का मानना है कि इससे अच्छा तो कच्ची रोड है। इसमें केवल बरसात में ही परेशानी होती है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनने वाली सड़क की क्षमता 12 टन होती है, जबकि इस मार्ग पर भारी वाहन की क्षमता 40 टन होती है। जिसकी वजह से क्षेत्र के प्रधानमंत्री सड़क पूरी तरह से जर्जर होने के कगार पर हैं। अंचल में विकास से कोसों दूर कहे जाने वाले ग्रामीण क्षेत्र में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क ग्रामीणों के लिये वरदान साबित हो रहा, किन्तु प्रधानमंत्री सड़क पर बीस से लेकर 40 टन वजनी भारी व्यावसायिक वाहनों का धड़ल्ले से उपयोग करने से पूरा क्षेत्र की सड़कें बदहाल कर दी हैं। जबकि प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत यदि सड़क जर्जर हो रही है तो प्रधानमंत्री सड़क योजना के अधिकारियों को साल में एक बार गढ्ढो की पिचिंग का कार्य करवाना चाहिए लेकिन अधिकारियों के द्वारा ऐसा नहीं किए जाने के कारण सड़क में जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं लोगों को आवागमन करने में परेशानी हो रही है। प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत ठेकेदार को 5 साल तक सड़क का मेंटेनेंस कर करने की जिम्मेदारी रहती है लेकिन अधिकारियों के मिली भगत के कारण ठेकेदार के द्वारा प्रधानमंत्री सड़क का मेंटेनेंस कार्य नहीं कराया जा रहा है। ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री सड़क की जर्जर हालत को देखते हुए अधिकारियों से सड़क की मरम्मत कराए जाने की मांग की है।

# हर घर तिरंगा अभियान के तहत नौरोजाबाद में निकाली गई रैली



**उमरिया।** हर घर तिरंगा अभियान के तहत कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन व पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू के मार्गदर्शन पर नौरोजाबाद पुलिस व युवा टीम उमरिया द्वारा शासकीय विद्यालय निपानिया, नौरोजाबाद परिसर से तिरंगा रैली का आयोजन किया गया।तिरंगा यात्रा को नौरोजाबाद थाना प्रभारी बालेन्द्र शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर विद्यालय परिसर से रवाना किए।तिरंगा रैली रेलवे स्टेशन चौराहे होते हुए विद्यालय परिसर में समापन की गई। इस दौरान पूरा क्षेत्र तिरंगे के रंगों से सराबोर हो गया।रैली में स्कूल के छात्र और स्टाफ सदस्यों ने उत्साह के साथ भाग लिया।छात्रों ने देशभक्ति के नारे लगाते हुए लोगों को हर घर तिरंगा अभियान के प्रति जागरूक किया। बाजार में मौजूद दुकानदारों ने भी रैली में शामिल होकर देशभक्ति के नारे लगाए। नौरोजाबाद पुलिस थाना प्रभारी बालेन्द्र शर्मा ने बताया कि 15 अगस्त को हम 79वां स्वतंत्रता दिवस मनाएंगे। उन्होंने कहा कि हम स्वतंत्रता दिवस को पर्व के रूप में मनाते हैं और इसी के तहत हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने आगे बताया कि इसी अभियान के अंतर्गत रैली का आयोजन किया गया है। इस दौरान नौरोजाबाद थाना से उपनिरीक्षक रसिया साकेत,सहायक उपनिरीक्षक संदीप शुक्ला,दिनेश तिवारी,सुभाष यादव,आरक्षक रावेंद्र मौर्य, अमरीष गौतम, वालंटियर हिमांशु तिवारी,विद्यालय प्राचार्य सोहन धुर्वे,शिक्षक ज्योति राज नाइ, धीरज सारिवान, अरुण संत,धनीराम कोरी,शालिग्राम मिश्रा,पुष्पेंद्र सिंह,श्रेय शुक्ला,लक्मी शुक्ला,सविता रैदास,शिखा बर्मन, राहुल सिंह, वैष्णवी बर्मन, अभिनव द्विवेदी, जितेंद्र तिवारी व सभी छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।



# मां ज्वालामुखी मंदिर में एक दिवसीय कजलिया मेला






**भाईचारे की मिसाल**

सिद्धपीठ मां ज्वालामुखी मंदिर प्रांगण में रविवार 10 अगस्त को एक द्विवसीय कजलिया मेले का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रविन्द्र कौर छावड़ा ने किया। उद्घाटन अवसर पर उन्होंने कहा कि कजलिया पर्व आपसी प्रेम और भाईचारे का प्रतीक है, जो लुप्त होती परंपराओं को जीवित रखता है।

**धनपुरी।** मां ज्वालामुखी मंदिर समिति के सदस्य एवं पूर्व अध्यक्ष महेंद्र सिंह पवार ने बताया कि मंदिर प्रांगण का सौंदर्यीकरण नगर पालिका के माध्यम से किया जा रहा है। शेष विकास कार्यों को भी प्राथमिकता से पूरा किया जाएगा, ताकि श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष विनीता जैसवाल, मन्दाकिनी तिवारी, राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित पूर्व शिक्षक मैथिलीशरण गुप्त, जीवनलाल (राजस्व निरीक्षक), पूर्व हिंदू जन जागरण समिति अध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह, वार्ड पार्षद स्कंद सोनी, आनंद कचेर, अरविंद सिंह, ओमकार द्विवेदी, श्रवण भट्ट, विक्रम सिंह, महेंद्र पाल सिंह, शैलेन्द्र शराफ, आकाश मिश्रा, रामपूरन लोधी, संतोष महरा, नरोत्तम गुप्ता, रवि कश्यप और एस.पी. सिंह सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।मुख्य अतिथि का स्वागत पूर्व अध्यक्ष महेंद्र सिंह पवार ने पुष्पगुच्छ से किया, जबकि विशिष्ट अतिथियों का स्वागत आकाश मिश्रा, स्कंद सोनी और पूरन लोधी ने पुष्पगुच्छ भेंटकर किया।मेले के उद्घाटन के बाद सजी-धजी महिलाएं, युवतियां और बच्चे सिर पर हरी-पीली कजलियां लेकर ज्वालामुखी कुंड पहुंचे और परंपरागत ढंग से विसर्जन किया। इसके बाद कजलियां इष्ट देव को अर्पित कर हर वर्ष इस परंपरा को निभाने का संकल्प लिया गया। पूरे नगर में कजलिया पर्व का उल्लास और भाईचारे की भावना देखने को मिली।

## खबर संक्षेप

### पूर्व कार्यरत अतिथि शिक्षक ने की पुनः नियुक्ति की मांग

**शहडोल।** जनजातीय कार्य विभाग के सहायक आयुक्त को सौंपे गए एक आवेदन में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोडारू में इतिहास/राजनीति शास्त्र विषय के पूर्व अतिथि शिक्षक गयादीन यादव ने सत्र 2025-26 में पुनः उसी विद्यालय में सेवा का अवसर देने की मांग की है। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन द्वारा जारी नए भर्ती विज्ञापन को निरस्त कर, पूर्व कार्यरत शिक्षकों को प्राथमिकता देने की अपील की है। गयादीन यादव, निवासी ग्राम गोहपारू, ने अपने आवेदन में उल्लेख किया है कि वे वर्ष 2020-21 से 2024-25 तक विद्यालय में अतिथि शिक्षक वर्ग-1 के रूप में कार्यरत रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन वर्षों में उनका परीक्षाफल प्रतिवर्ष संतोषजनक रहा है। वर्ष 2024-25 में उन्हें इतिहास और राजनीति शास्त्र विषय का अध्यापन कार्य सौंपा गया था। पहले अवसर में राजनीति शास्त्र में 90 प्रतिशत तथा इतिहास में 25 प्रतिशत परिणाम आया, जिसका औसत 57.5 प्रतिशत रहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि इतिहास विषय का परिणाम कम आने का मुख्य कारण विद्यार्थियों की अत्यधिक अनुपस्थिति थी, जिसकी सूचना मौखिक रूप से प्राचार्य को दी गई थी। बावजूद इसके, द्वितीय अवसर में उन्होंने इतिहास विषय के अनुत्रीर्ण छात्रों से व्यक्तिगत संपर्क कर मार्गदर्शन दिया और परिणाम शत-प्रतिशत कराया। आवेदन में आरोप लगाया गया है कि विद्यालय प्रबंधन ने एक विषय के न्यूनतम परिणाम को आधार बनाकर उनके अच्छे औसत परिणाम को नजरअंदाज किया और नए सिरे से भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी, जो अतिथि शिक्षक व्यवस्था के निर्देशों के विपरीत है। उन्होंने कहा कि इस तरह का निर्णय पूर्व कार्यरत शिक्षकों के अनुभव और योगदान को नकारने जैसा है। गयादीन यादव ने मांग की है कि विज्ञापन 17 जुलाई 2025 को संशोधित कर निरस्त किया जाए और वस्तुस्थिति की जांच के बाद उन्हें पुनः उसी विद्यालय में नियुक्त किया जाए। उन्होंने कहा कि यह कदम न केवल न्यायसंगत होगा बल्कि उन्हें अपने परिवार के भरण-पोषण का अवसर भी प्रदान करेगा। इस मामले में अब देखना होगा कि विभागीय स्तर पर इस आवेदन पर क्या निर्णय लिया जाता है। यदि आवेदन पर सकारात्मक कार्रवाई होती है तो यह न केवल गयादीन यादव के लिए राहत की खबर होगी, बल्कि ऐसे कई अन्य अतिथि शिक्षकों के लिए भी मिसाल बनेगी जो वर्षों से सेवाएं दे रहे हैं और केवल प्रशासनिक निर्णयों के कारण अपनी नियुक्ति खो बैठते हैं।

### शिक्षक संघ शहडोल का एक प्रतिनिधिमंडल

**शहडोल।** मध्य प्रदेश शिक्षक संघ शहडोल का एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार को अपर कलेक्टर श्री सरोधन सिंह से मिला और शिक्षकों को पीएम जनमन योजना के अंतर्गत 9 विभागों की अतिरिक्त योजनाओं की जानकारी सत्यापन कार्य से मुक्त करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। संघ अध्यक्ष लालजी तिवारी ने बताया कि वर्तमान में साइकिल वितरण, गणवेश, प्रोफाइल अपडेट, यू-डाइस, छात्रवृत्ति, ओटीआर, एमपी टास जैसे सभी कार्य ऑनलाइन समय-सीमा में पूरे करने हैं। यदि यह समय पर न हो सके तो छात्र-छात्राएं मिलने वाले लाभ से वंचित हो जाएंगे। वहीं, इसी माह त्रैमासिक परीक्षा प्रस्तावित है और पाठ्यक्रम भी अधूरा है। ऐसे में शिक्षकों को अतिरिक्त कार्यों में लगाने से पढ़ाई पर प्रतिकूल असर पड़ेगा।संघ ने मांग की कि इन कार्यों को विभागीय कर्मचारियों से पूर्ण करवाया जाए और शिक्षकों को पीएम जनमन योजना से मुक्त रखा जाए, ताकि विद्यार्थियों का शैक्षणिक नुकसान रोका जा सके। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रांतीय सचिव अरुण मिश्रा, अध्यक्ष लालजी तिवारी, जिला सचिव विनोद सिंह, जिला उपाध्यक्ष संपूर्णना शुक्ला, मनोज द्विवेदी, वरिष्ठ सदस्य राजेंद्र शर्मा, गोवर्धन कुशवाहा, सत्य प्रकाश गौतम, बृज जैसवाल, मनीष गौतम, तेज प्रताप सिंह, कमलजीत पाठक, महेंद्र त्रिपाठी, महेंद्र सिंह, बृजेंद्र किशोर गुप्ता, वेद नारायण शुक्ला, डी.एन. सोनी, अभय राज सिंह सहित अनेक शिक्षक शामिल रहे।



## भारत विकास परिषद स्वामी विवेकानंद शाखा ने मनाया रक्षाबंधन का पर्व

**शहडोल।** भारत विकास परिषद स्वामी विवेकानंद शाखा ने रक्षाबंधन का पर्व निकटवर्ती ग्राम पिपरिया में मनाया। उक्त अवसर पर परिषद के सदस्यों ने ग्रामीण जनों के साथ मिलकर उत्साह पूर्वक एक दूसरे को रक्षा सूत्र बांधा , मिठाइयां बांटी एवं सामाजिक समरसता को मजबूत रखने का संकल्प लिया। रक्षाबंधन पर्व का महत्व बताते हुए परिषद के सदस्य एसएस जौहरी ने बताया कि भाई बहनों का यह त्यौहार सनातन है। पौराणिक कथा का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि धरती पर सबसे पहले राखी महाभारत काल में द्रौपदी ने श्रीकृष्ण को बांधी थी । श्रीकृष्ण उस बंधन के बदले द्रोपदी को रक्षा का वचन देते हैं जो उन्होंने चीर हरण के समय उनकी रक्षा करके पूरा किया। कालांतर में रक्षाबंधन के महत्व के अलग-अलग प्रसंगो का उल्लेख भी किया गया।कार्यक्रम में परिषद के सचिव विजय दुबे उपाध्यक्ष नीति सिंघल,अशोक मोर, मनीष गुप्ता, विजय जैन, अरुण त्रिवेदी, श्रीलेखा जौहरी, रिंकी दुबे,रेनू त्रिवेदी, मंजू लता जैन, अजय शर्मा, संगीता मोर, रविंद्र गुप्ता, सुशील सिंघल, भारती गुप्ता, संध्या जैन, नीलमणि जैन, पूनम यादव, कुंती यादव, तेरसी, सरस्वती, फूलबाई, सुफला, बेला सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## राजयोग ज्ञान धारण करने से जीवन में होता है सकारात्मक परिवर्तन- बी. के. रीता दीदी






### उप जेल और बुढार पुलिस थाना में मनाया गया पवित्र रक्षाबंधन पर्व, ब्रम्हा कुमारी बहनों ने दिया राजयोग का ज्ञान

**बुढार।**

भाई बहन के प्रेम और रिस्ते का राखियों का त्यौंहार ब्रह्माकुमारी बहनों के द्वारा उप जेल और थाना बुढ़ार मे हर्षोल्लास के साथ पवित्र रक्षाबंधन मनाया गया।

इस मौके पर सभी को नशे से मुक्त रहने का संकल्प दिलाया गया,बी. के.रीता दीदी ने सभी बंदी भाइयों की कलाई मे परमात्मा का पवित्र रक्षा सूत्र बांधा और सभी को स्मृति दिलाया कि माथे मे टीका लगाते है उसका

आध्यात्मिक रहस्य है सदा अपने आत्मा की स्मृति मे रहना अपनी आत्मा की विकारों से रक्षा का प्रतीक है तथा आत्मा का मूल स्वधर्म ज्ञान, पवित्रता, सुख, शांति, प्रेम, आनंद और शक्ति यह सात गुण आत्मा के मूल संस्कार है इसे सदा अपने जीवन मे अनुभव करें तथा कलाई मे राखी बांधते है अर्थात परमात्मा सभी बुराइयों से हमारी रक्षा करते है, मुख मीठा का मतलब सदैव मुख से मीठी वाणी बोले, इसके बाद बुढ़ार उप जेल प्रभारी अरुण सिंह ने सभी को प्रेरणा दिया कि ब्रह्माकुमारी दीदी आकर राजयोग का ज्ञान देते है जिसे धारण करने से जीवन मे सकारात्मक परिवर्तन आता है। जेल स्टाफ का सहयोग सराहनीय रहा। बुढ़ार थाने मे रक्षाबंधन पर्व सभी पुलिस स्टाफ के साथ मनाया गया, थाना प्रभारी संजय कुमार जायसवाल के मार्गदर्शन मे यह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस शुभ अवसर पर बी. के. रीता दीदी ने सभी को राखी की शुभकामनाएं दी। तथा मानव तनाव मुक्त, नशा मुक्त वा राजयोग मैडिटेशन का कार्यक्रम किया गया। डॉ बी.के.पंकज शर्मा द्वारा तनाव से मुक्त रहने का आसान तरीका बताया बी.के. प्रवीण ने राजयोग का अभ्यास कराया और सभी को नशे से मुक्त रहने की शपथ दिलाई, साथ ही बी.के.जोई दीदी द्वारा सभी को टिका लगाकर मुख मीठा कराया गया,और बी.के. रीता दीदी ने सभी पुलिस स्टाफ को राखी बांधा।

# घर घर लहराएगा तिरंगा: छात्र छात्राओं ने जैतपुर में आठ किलोमीटर विशाल तिंरगा रैली निकाली







### जगह-जगह लगायें नारे

बुढार। सोमवार को विकासखंड बुढार के अंतर्गत शासकीय कन्या हायर सेकंडरी स्कूल से एकलव्य विद्यालय तक आठ किलोमीटर विशाल तिरंगा महारैली जैतपुर विधानसभा क्षेत्र के मुख्यालय जैतपुर में अनुविभागीय अधिकारी अनुविभागीय राजस्व जैतपुर अधिकारी श्रीमती नम्रता गर्ग के नेतृत्व में निकाली गई।

छात्र छात्राओं ने जगह जगह घर घर तिरंगा हर घर तिरंगा के नारे लगाते हुए इस अभियान एवं स्वतंत्रता के उत्सव स्वच्छता के संग द्वितीय चरण के अंतर्गत तिरंगा यात्रा में शामिल होकर आयोजन को सफल बनाया।

तिरंगा यात्रा के समापन पर छात्रों के द्वारा राष्ट्रीय ध्वज की रंगोली बनाकर प्रतिभा का प्रदर्शन किया। तिरंगा यात्रा के मुख्य अतिथि विधानसभा क्षेत्र के विधायक जय सिंह मरावी मौजूद रहे और तिरंगा यात्रा में शामिल होकर छात्र छात्राओं का उत्साह वर्धन किया।

### 8 किलोमीटर की यात्रा

जैतपुर से वीरोंडी तक लगभग 8 किलोमीटर की यात्रा निकाली गई, जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ-साथ जनप्रतिनिधि एवं शिक्षक तथा नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे । विकास खंड शिक्षा अधिकारी दिलीप निगम एवं ब्लाक स्तर के समस्त अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे तिरंगा यात्रा में लगभग 15 सौ लोगों की सहभागिता रही,घर घर तिरंगा हर घर तिरंगा।

### अवकाश का भी उठा लिया वेतन, डीईओ मारापांची पर फिर सवाल

## पेंट घोटाले के बाद अब वेतन व प्रभार विवाद में घिरे अधिकारी

**शहडोल।** जिला शिक्षा अधिकारी फूल सिंह मारपाची एक बार फिर विवादों के केंद्र में हैं। पेंट घोटाले में नाम जुडने के बाद अब उन पर वेतन और प्रभार को लेकर गंभीर आरोप लगे हैं। मामला 11 जुलाई से 16 जुलाई तक के चिकित्सीय अवकाश का है। जानकारी के अनुसार, इस अवधि में मारापांची ने मेडिकल लीव ले रखी थी, लेकिन खुद को स्वस्थ बताते हुए बाद में चिकित्सीय प्रमाण पत्र जमा कर 17 जुलाई से पुनः पद का प्रभार संभाल लिया। नियम के अनुसार, अवकाश अवधि का वेतन काटा जाना चाहिए था, लेकिन उन्होंने स्वयं ही उस अवधि का पूरा वेतन उठा लिया। विभागीय सूत्रों का कहना है कि यह नियमों का




खुला उल्लंघन है और खुद ही खुदा बनने की मिसाल पेश करता है। इससे ठीक एक सप्ताह पहले भी मारापांची का एक विवादित निर्णय सामने आया था। विभागीय कार्यों से भोपाल जाने के दौरान उन्होंने अपने सबसे विश्वासपात्र सहायक अरविंद पांडे को प्रभार सौंप दिया। हैरानी की बात यह है कि पांडे के खिलाफ विभागीय जांच चल रही है और उन पर भ्रष्टाचार के आरोप भी हैं।जिला शिक्षा कार्यालय में श्री पांडे से वरिष्ठ अधिकारी मौजूद होने के बावजूद, मारापांची ने उन्हें नजरअंदाज किया और सीधे अपने करीबी को जिम्मेदारी दे दी। विभागीय नियमों के मुताबिक, प्रभार वरिष्ठता और कार्यकुशलता के आधार पर दिया जाना चाहिए, लेकिन यहां नियमों को ताक पर रखा गया।शिक्षा विभाग के कई कर्मचारियों और शिक्षकों का कहना है कि पेंट घोटाले के बाद यह दूसरा मामला है, जिसने विभाग की छवि को नुकसान पहुंचाया है। आरोप है कि मारापांची अपने पद का इस्तेमाल निजी हित और अपने खास लोगों को बचाने के लिए कर रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, इन दोनों मामलों की शिकायत उच्चाधिकारियों तक पहुंच चुकी है, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। विभाग के भीतर यह चर्चा है कि अगर समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो यह मामला एक और बड़े घोटाले का रूप ले सकता है।



## सी.एम. हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक करें निराकरण: कलेक्टर

**शहडोल।**

कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने समयावधि पत्रो की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान विभागीय अधिकारियो को निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतो का निराकरण संतुष्टिपूर्वक कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण हेतु मैदानी अमले को भी दायित्व सौंपे तथा जिला प्रमुख अधिकारी शिकायतो के निराकरण की स्थिति की मॉनीटरिंग करें।

कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत समय-सीमा में दी जाने वाली सेवाओं का निराकरण समय-सीमा के भीतर अनिवार्य रूप से किया जाए। इसी तरह आपने अन्य विभागों के अधिकारियों जहां लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत सिटिजन चार्टर लागू है तथा समय-सीमा के भीतर सेवाएं प्रदाय की जानी है को निर्देश दिए कि संबंधित विभाग समय-सीमा के भीतर सेवाएं प्रदान करना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने महिला बाल विकास विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, ऊर्जा विभाग सहित अन्य विभागों में सीएम हेल्पलाइन के लंबित शिकायतो के निराकरण की स्थिति की जानकारी ली तथा निराकरण करने के निर्देश दिए।

बैठक में अपर कलेक्टर सरोधन सिंह, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अरविंद शाह, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती ज्योति परस्ते, भागीरथी लहरे, श्रीमती अन्तोनिआ एक्का, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मुद्रिका सिंह सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### बुढ़ार उप जेल और पुलिस थाना में ब्रह्माकुमारी बहनों ने मनाया पवित्र रक्षाबंधन पर्व

## राजयोग से जीवन में आता है सकारात्मक परिवर्तन: रीता





**धनपुरी।**

पवित्र रक्षाबंधन के अवसर पर ब्रह्माकुमारी संस्थान की बहनों ने बुढ़ार उप जेल और थाना बुढ़ार में विशेष कार्यक्रम आयोजित कर कैदियों, पुलिस स्टाफ और अधिकारियों को राखी बांधी तथा राजयोग का संदेश दिया। इस दौरान नशामुक्ति और सकारात्मक जीवन शैली अपनाने का संकल्प भी दिलाया गया। कार्यक्रम के दौरान बी.के. रीता दीदी ने उपस्थित सभी बंदी भाइयों की कलाई पर परमात्मा का पवित्र रक्षा सूत्र बांधा और इसके आध्यात्मिक महत्व को समझाया। उन्होंने कहा कि माथे पर लगाया जाने वाला 'टीका' आत्मा की स्मृति और विकारों से रक्षा का प्रतीक है। यह हमें सदा अपने स्वधर्म ज्ञान, पवित्रता, सुख, शांति, प्रेम, आनंद और शक्ति में स्थित रहने की प्रेरणा देता है। राखी बांधने का अर्थ है कि परमात्मा हमें सभी बुराइयों से बचाते हैं, जबकि 'मुख मीठा' का अर्थ है कि हम सदा मधुर वाणी का प्रयोग करें। रीता दीदी ने कहा कि राजयोग ज्ञान को धारण करने से जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आता है। यह हमें आत्मबल, धैर्य और जीवन की कठिनाइयों का सामना करने की क्षमता प्रदान करता है। उन्होंने सभी को यह संकल्प दिलाया कि वे नशे से दूर रहकर अपने जीवन को श्रेष्ठ और उद्देश्यपूर्ण बनाएंगे। बुढ़ार उप जेल प्रभारी अरुण सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि ब्रह्माकुमारी बहनों के नियमित आगमन से बंदियों के जीवन में सकारात्मक सोच और आत्मविश्वास का विकास हो रहा है। जेल स्टाफ ने इस कार्यक्रम में सक्रिय सहयोग दिया।

इसके पश्चात पुलिस थाना बुढ़ार में भी रक्षाबंधन का पर्व मनाया गया। थाना प्रभारी संजय कुमार जायसवाल के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में बी.के. रीता दीदी ने सभी पुलिस कर्मियों को राखी बांधकर उनके उत्तम स्वास्थ्य और सफलता की कामना की।

इस अवसर पर *तनाव मुक्त, नशामुक्ति एवं राजयोग मेडिटेशन* का विशेष सत्र आयोजित किया गया। डॉ. बी.के. पंकज शर्मा ने तनाव से मुक्त रहने के आसान उपाय बताए, वहीं बी.के. प्रवीण ने सभी को राजयोग का अभ्यास कराया और नशा छोडने की शपथ दिलाई। बी.के. जोई दीदी ने सभी को टीका लगाकर मुख मीठा कराया।

कार्यक्रम में यह संदेश प्रमुख रूप से दिया गया कि राखी केवल भाई-बहन का पारंपरिक त्योहार नहीं है, बल्कि यह आत्मिक संबंध और नैतिक मूल्यों की रक्षा का प्रतीक है। यह पर्व हमें बुराइयों से दूर रहकर सद्गुणों को अपनाने की प्रेरणा देता है। ब्रह्माकुमारी बहनों का यह प्रयास न केवल त्योहार की पवित्रता को बढ़ाता है, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव और जीवन-शैली सुधार की दिशा में एक सार्थक कदम भी है। कार्यक्रम में जेल और पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, कैदी भाई और ब्रह्माकुमारी संस्थान के कई सदस्य उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

## धूमधाम से मनाई जाएगी राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर की 387वीं जयंती



**अनूपपुर।** राष्ट्रवीर दुर्गादास युवा संघ इकाई सामतपुर के मीडिया प्रभारी सुमित राठौर द्वारा बताया गया कि 13 अगस्त को सामतपुर तालाब प्रांगण अनूपपुर में राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर की 387वी जयंती समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम के माध्यम से में राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर के जीवन मूल्यों और आदर्शों को जन-जन तक पहुंचने का प्रयास किया जाएगा एवं समाज के सभी वर्गों के वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान, बोर्ड परीक्षाओं में उच्चतम अंकों के साथ उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं का सम्मान, गौ सेवकों एवं वरिष्ठ पत्रकारों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रामलाल रौतेल अध्यक्ष कोल विकास प्राधिकरण कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त रहेंगे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर पालिका परिषद अनूपपुर की अध्यक्ष अंजुलिका शैलेंद्र सिंह,सोनाली पिंटू तिवारी उपाध्यक्ष नगर पालिका अनूपपुर,हीरा सिंह श्याम जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी, रमेश कुमार सिंह अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी अनूपपुर, विजय सिंह राठौर जिला अध्यक्ष राठौर समाज अनूपपुर के साथ ही कार्यक्रम की अध्यक्षता मुकेश राठौर अध्यक्ष राष्ट्रवीर दुर्गा दास युवा संघ इकाई सामतपुर करेंगे। राष्ट्रवीर दुर्गादास युवा संघ इकाई सामतपुर के मीडिया प्रभारी सुमित राठौर ने बताया कि कार्यक्रम शाम 4 बजे से प्रारंभ होगा।उन्होंने राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर की जयंती समारोह को सफल बनाने के लिए सभी से अपील की है एवं कार्यक्रम में पहुंचने का आह्वान किया है।

## जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में वन मंत्री करेंगे ध्वजारोहण



**हरिभूमि न्यूज, अनूपपुर।** मध्य प्रदेश शासन के वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री तथा अनूपपुर जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप अहिरवार 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय अनूपपुर के शासकीय उत्कृष्ट उ.मा.वि. प्रांगण के मुख्य कार्यक्रम में ध्वजारोहण कर बधाई संदेश का वाचन करेंगे।

## अनूपपुर पुलिस अधीक्षक मोती उर्रहमान राष्ट्रपति द्वारा वीरता पदक से होंगे सम्मानित



**अनूपपुर।** नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में बहादुरी और साहसिक कार्रवाई के लिए अनूपपुर पुलिस अधीक्षक मोती उर्र हमान को राष्ट्रपति द्वारा वीरता पदक से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान स्वतंत्रता दिवस (15 अगस्त) के अवसर पर आयोजित पदक अलंकरण समारोह में प्रदान किया जाएगा। इस संबंध में घोषणा 16 अक्टूबर 2023 को की गई थी, जिसमें 18 दिसंबर 2022 और 22 अप्रैल 2023 की घटनाओं में उत्कृष्ट वीरता दिखाने वाले पुलिसकर्मियों को शामिल किया गया है। जानकारी के अनुसार अप्रैल 2023 में बालाघाट जिले के नक्सल प्रभावित क्षेत्र में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस की संयुक्त टीम ने नक्सलियों से मुठभेड़ कर बड़ी मात्रा में हथियार, विस्फोटक और अन्य सामग्री बरामद की। कार्रवाई में कई वांछित नक्सली मारे गए और क्षेत्र में नक्सली गतिविधियों को करारा झटका लगा।
इसी महीने की एक अन्य घटना में, गोंदिया बॉर्डर के पास पुलिस बल ने विशेष अभियान चलाकर नक्सलियों को घेर लिया। भीषण मुठभेड़ के बाद नक्सलियों के ठिकानों को नष्ट कर भारी मात्रा में हथियार जब्त किए गए थे।

# भीषण टक्कर के बाद घर में जा पलटी कार

# तेज रफ्तार के कहर ने ली 5 की बलि तो 5 जूझ रहे जिंदगी और मौत से

### नेशनल हाईवे क्रमांक 43 मे झिरिया टोला के पास की दुखद घटना

जिले के रामनगर थाना अंतर्गत सोमवार को भीषण सड़क दुघर्टना में दो पहिया और चार पहिया वाहन में भीषण टक्कर से दो पहिया वाहन चालक सहित कार में सवार पांच लोगों की मृत्यु हो गई वही गंभीर रूप से घायल 5 व्यक्तियों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा में प्राथमिक इलाज के बाद अन्य अस्पतालों मे रेफर किया गया है जहां उनका इलाज जारी है।







**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।**

सोमवार की सुबह 09:30 से 10 बजे के बीच रामनगर थाना क्षेत्र के रेऊंदा गांव में कोतमा से बेलिया जा रही तेज रफ्तार में स्कॉर्पियो कार क्रमांक एमपी 18 जेडजी 0613 ने सामने से आ रहे दोपहिया वाहन क्रमांक एमपी 65 एमए 3418 मे सवार को कुचला दिया। हादसा इतना जबरजस्त था कि बाईक चालक का चेहरा पहचानना मुश्किल हो गया। इसके बाद अनियंत्रित होकर पलटते हुए एक निर्माणाधीन मकान में कार जा घुसी जिसमे सवार 9 व्यक्तियों मे 3 की मौके पर ही मृत्यु हो गई वहीं 2 की चिकित्सालय ले जाते समय रास्ते में ही मौत हो गई, जबकि 5 गंभीर रूप से घायल हैं। जानकारी अनुसार बाइक चालक निगवानी निवासी अमृत लाल चौधरी बैंड बजाने के काम से मरवाही जा रहा था, वहीं कार में सवार 9 व्यक्ति गांव से पिकनिक मनाने कहीं और जा रहे थे।

### भीषण टक्कर की कहानी, टीआई की जुबानी

रामनगर टीआई सुमित कौशिक ने बताया कि सोमवार की सुबह कार सवार कोतमा से झिरिया टोला की तरफ आ रहे थे जबकि बाइक सवार युवक झिरिया टोला से कोतमा की ओर जा रहा था। इस दौरान नेशनल हाईवे 43 मे झिरिया टोला के पास कार अनियंत्रित हो गई जो बाइक को टक्कर मारते हुए निर्माणाधीन मकान में जा घुसी। जिससे 3 की मौके पर तो 2 की चिकित्साकलय में मृत्यु हो गई। सूचना मिलते ही थाना रामनगर पुलिस तत्काल मौके पर पहुँची और घायलों को 108 एम्बुलेंस व अन्य साधनों से अस्पताल पहुँचाया। पुलिस की तत्परता से कई घायलों की जान बचाई जा सकी।

### 5 हुये काल कलवित तो 5 का इलाज जारी

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा में प्राथमिक इलाज के बाद गंभीर घायलों मे अमलेंद्र सिंह पिता स्व. रोशन सिंह गोंड (18) को बिलासपुर रेफर किया गया है वही आशीष केवट पिता भोला केवट (18) को मनेंद्रगढ़ अस्पताल रेफर किया गया है। इसी तरह विकास सिंह पिता चरकू सिंह (19), करण सिंह पिता देवान सिंह (19) तथा गुड्डा उर्फ़ लखन पिता हूबलाल (19) सभी निवासी बेलिया छोट, थाना बिजुरी को अनूपपुर अस्पताल बेहतर इलाज के लिए रेफर किया गया है। भीषण घटना मे बाइक सवार अमृत चौधरी (30), निवासी उरतान, थाना कोतमा सहित शुभम चौधरी पिता राकेश चौधरी (20) तथा राहुल पिता तीरथ केवट (19) दोनो निवासी बेलिया छोट, थाना बिजुरी की मौत स्पॉट मे ही हो गई थी जबकि भूपेंद्र घसिया पिता सूरज सहिस (17), निवासी छौहरी, थाना भालूमाड़ा व सौरभ प्रधान पिता हुकुम सिंह प्रधान (18), निवासी बेलिया छोट, थाना बिजुरी की कोतमा अस्पताल मे मौत हो गई।



## सुरक्षा कर्मियों की सतर्कता से खदान परिसर में चोरी का प्रयास नाकाम, दो आरोपी गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज जमुना/बदरा।** एसईसीएल जमुना-कोतमा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले 7/8 खदान परिसर में सोमवार सुबह चोरी की एक बड़ी वारदात को सुरक्षा बलों की सतर्कता ने विफल कर दिया। सुरक्षा प्रभारी दिनेश दुबे द्वारा थाना भालूमाड़ा को दी गई शिकायत के अनुसार, घटना 11 अगस्त की सुबह लगभग 6 बजे की है, जब दो चोर खदान परिसर की दीवार फांदकर अंदर घुसे और स्टोर में रखे कबाड़ को चोरी करने की कोशिश करने लगे। घटना के समय परिसर में रात्रिकालीन सुरक्षा ड्यूटी पर आर. 1410 आयुष कुमार, आर. 1236 ईश्वर कर्वेती और आर. 1597 नरेंद्र खदेड़ा तैनात थे। सुबह करीब 6 बजे आर. नरेंद्र खदेड़ा ने सुरक्षा प्रभारी को फोन पर सूचना दी कि खदान परिसर में चोर घुस आए हैं। सूचना मिलते ही सुरक्षा प्रभारी मौके पर पहुंचे, जहां आर. ईश्वर कर्वेती और नरेंद्र खदेड़ा ने घेराबंदी कर दोनों चोरों को पकड़ रखा था।
पूछताछ में आरोपियों की पहचान मोहम्मद तौफीक पिता मोहम्मद रफीक, निवासी वार्ड क्रमांक 13 गेट दफाई भालूमाड़ा और राहुल केवट उर्फ चिंटू पिता स्व. राम प्यारे केवट, निवासी वार्ड क्रमांक 12 डबल स्टोरी भालूमाड़ा के रूप में हुई दोनों चोरी की नीयत से स्टोर में घुसे थे और कबाड़ निकालने का प्रयास कर रहे थे। मौके से एक अपाची मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 16 सीएच 5711 भी बरामद की गई, जिसे पुलिस ने जब्त कर थाना परिसर में रखवा दिया है। सुरक्षा प्रभारी ने पूरी घटना की लिखित रिपोर्ट थाना प्रभारी को सौंपी, जिसके आधार पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 332 और 331(4) के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। स्थानीय सुरक्षा बलों की त्वरित कार्रवाई और सतर्कता से खदान परिसर में होने वाली संभावित चोरी को समय रहते रोका गया हालांकि, इस घटना ने खदान क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल भी खड़े कर दिए हैं, क्योंकि चोर आसानी से दीवार फांदकर परिसर में घुस गए। अब यह देखना होगा कि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की रोकथाम के लिए प्रबंधन और सुरक्षा तंत्र क्या कदम उठाते हैं। बताया गया कि सुरक्षा गार्ड द्वारा दो हवाई फायर भी किया गया।

# देशभक्ति का संदेश देने अमरकंटक में निकाली गई तिरंगा रैली

## कमिश्नर, कलेक्टर, जिपं. सीईओ, एसडीएम सहित जनप्रतिनिधियों ने निभाई सहभागिता

**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।**

हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान के तहत पवित्र नगरी अमरकंटक में राष्ट्रभक्ति से प्रेरित तिरंगा रैली का आयोजन शहडोल संभाग की कमिश्नर श्रीमती सुरभि गुप्ता, कलेक्टर हर्षल पंचोली, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा, एसडीएम पुष्पराजगढ़ वसीम अहमद भट, नगर परिषद अमरकंटक की अध्यक्ष श्रीमती पार्वती सिंह, जिला स्तरीय दिशा समिति के सदस्य हीरा सिंह श्याम के नेतृत्व में किया गया। जिसमें जनजातीय कार्य विभाग के क्षेत्र संयोजकएस.के. बाजपेयी, महिला बाल विकास विभाग की सहायक संचालक श्रीमती मंजूषा शर्मा, नगर परिषद अमरकंटक के मुख्य नगरपालिका अधिकारी चैन सिंह परस्ते, उपयंत्री बृजेश पाण्डेय, स्थानीय जनप्रतिनिधि, पार्षद, पत्रकार, शिक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं, जनअभियान परिषद के स्वयंसेवकों, स्थानीय नागरिकों ने सहभागिता की। यात्रा मे पार्षद रोशन पनारिया, दिनेश द्विवेदी, कान्हा तिवारी, प्रकाश द्विवेदी, रूपेश द्विवेदी, समीर मानिकपुरी, सोनू जैन, ऊषा पांडेय, सूरज साहू, रामगोपाल द्विवेदी एवं अन्य जनप्रतिनिधि एवं नगर परिषद अमरकंटक शिक्षा विभाग एवं अन्यविभागों के अधिकारी-कर्मचारी के अलावा पत्रकारगण उमाशंकर पांडेय, श्रवण उपाध्याय शामिल हुये। तिरंगा यात्रा में शामिल सभी लोग हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता की जय तथा देशभक्ति नारे लगाते हुए जनजागरूकता का संदेश दिए। तिरंगा रैली नगर परिषद कार्यालय मेला ग्राउण्ड अमरकंटक से प्रारंभ होकर मां नर्मदा उद्गम मंदिर, रामघाट होते हुए पण्डित दीनदयाल चौक में समाप्त हुई। जहां तिरंगा शपथ का कार्यक्रम आयोजित किया गया तथा हर घर स्वच्छता के संबंध में अपील की गई।



### हर घर तिरंगा का दिया गया संदेश

हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान के तहत अधिकारियों तथा जनप्रतिनिधियों ने मां नर्मदा उद्गम परिसर में स्वच्छता अभियान में भाग लिया तथा मंदिर प्रांगण क्षेत्र की साफ-सफाई की। जिसमें जनअभियान परिषद के स्वयंसेवकों, नागरिकों तथा छात्र-छात्राओं ने उत्साह के साथ सहभागिता निभाई गई। अभियान के तहत पवित्र नगरी अमरकंटक में निकाली गई हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता जनजागरूकता रैली के तहत अमरकंटक के विभिन्न महत्वपूर्ण स्थानों पर देशभक्ति पर केन्द्रित रंगोली बनाई गई थी, जो आकर्षण का केन्द्र रही। कार्यक्रम में स्थानीय आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमरकंटक, कल्याणिका विद्यालय अमरकंटक, सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय अमरकंटक तथा नवोदय विद्यालय अमरकंटक के छात्र-छात्राओं ने सहभागिता निभाई।

### संत समाज ने पुष्प वर्षा कर किया स्वागत

हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान अंतर्गत पवित्र नगरी अमरकंटक में निकाली गई हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता जनजागरूकता रैली का अमरकंटक स्थित मृत्युंजय आश्रम के समीप संत समाज द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया वही यात्रा में पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कल्याण केंद्रीय शिक्षा निकेतन विद्यालय और सरस्वती शिशु उच्च माध्यमिक विद्यालय के सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने भाग लिया, जिससे यात्रा का माहौल उत्साहपूर्ण और मनमोहक बन गया।

# केन्द्रीय विद्यालय आयोजित हुआ एक राखी-रक्षकों के नाम कार्यक्रम

## विद्यालय की छात्राओं ने पुलिस बल के भाइयों को बांधी राखी



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।**

केन्द्रीय विद्यालय अनूपपुर में विद्यालय की छात्राओं द्वारा "एक राखी, रक्षकों के नाम" कार्यक्रम के तहत जिला मुख्यालय में पदस्थ पुलिस बल के साथी भाईयों की कलाईयों पर रक्षासूत्र बाँधकर उनके प्रति कृतज्ञता प्रकट की गई। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय प्रांगण में बड़े ही उत्साह और हर्षोल्लास के साथ प्राचार्य देवेन्द्र कुमार तिवारी एवं शिक्षकों की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में अध्ययनरत रेवांशी, शिवाली, अंजलि, इरम, शिवांशी, आरती आदि छात्राओं ने जिला पुलिस जवानों को तिलक लगाकर उनका स्वागत एवं अभिनन्दन किया। तत्पश्चात सभी प्यारी बहनों के द्वारा अपने पुलिस बल के भाइयों को मिष्ठान खिलाकर उनका मुँह मीठा कराया गया एवं राखी बाँधकर उनके साहस, शौर्य एवं पराक्रम के प्रति अपनी सच्ची कृतज्ञता व्यक्त की गई। छात्राओं ने कहा कि पुलिस बल न केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखता है, बल्कि संकट और कठिन परिस्थितियों में भी नागरिकों की सुरक्षा हेतु हर समय तत्पर रहता है। राखी बाँधते समय छात्राओं ने पुलिस बल के भाइयों के स्वास्थ्य, सुरक्षा और सफलता की कामना की। इस अवसर पर जिला पुलिस बल के जवानों ने भी छात्राओं को आश्वस्त करते हुए कहा कि वे सदैव समाज की तथा विशेषकर माताओं-बहनों की, सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर रहेंगे और अपने कर्तव्यों का निष्ठा से पालन करेंगे। प्राचार्य ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्रों में देशभक्ति, सामाजिक जिम्मेदारी और आपसी विश्वास की भावना को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम के अंत में पुलिस बल के साथियों और विद्यालय परिवार ने मिलकर देश की एकता, सुरक्षा और सद्भावना बनाए रखने का संकल्प लियाद्य तत्पश्चात पुलिस बल के साथियों ने विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया एवं सभी को आधिकाधिक वृक्षारोपण हेतु प्रेरित किया जिससे कि विद्यालय एवं समाज के वातावरण को हरियाली युक्त बनाया जा सके। इस तरह पर्यावरण के प्रति अपनी संवेदनशीलता का परिचय देकर तथा रक्षाबंधन कार्यक्रम की मधुर स्मृतियों के साथ पुलिस बल के जवानों ने विद्यालय से विदा ली। यह पहल रक्षाबंधन के त्यौहार को न केवल रिश्तों का, बल्कि सुरक्षा और कर्तव्य के संकल्प का भी प्रतीक बना गई।

## शौचालय का गंदा पानी सीधे नर्मदा नदी में जा रहा

# प्रशासन की अनदेखी से पवित्र नदी हो रही प्रदूषित, श्रद्धालु परेशान

**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।**

पवित्र नगरी अमरकंटक के कोटि तीर्थ घाट गांधी कुंड (दक्षिण तट) पर स्थित सुलभ शौचालय का गंदा और बदबूदार पानी सीधे कुंड में गिर रहा है। यह दूषित जल आगे चलकर नर्मदा नदी में मिल रहा है, जिससे श्रद्धालु और पर्यटक न केवल बदबू और गंदगी से परेशान हैं, बल्कि पवित्र नदी की स्वच्छता भी खतरे में है। यह समस्या नई नहीं है। पूर्व में भी इस मुद्दे पर कई शिकायतें दर्ज हुईं और समाचार प्रकाशित हुए, परंतु नगर परिषद प्रशासन की कार्रवाई सिर्फ अस्थायी रही। कभीदूकभार शौचालय बंद करने और सेप्टिक टैंक की सफाई के बाद 2-3 महीने तक स्थिति सुधरी, लेकिन फिर वही गंदा पानी घाट और नदी में बहने लगा। निरंतर लापरवाही न केवल धार्मिक आस्था का अपमान है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण नियमों की भी खुली अनदेखी है। स्थानीय नागरिकों, श्रद्धालुओं और पर्यावरण प्रेमियों ने प्रशासन से तत्काल स्थायी समाधान की मांग की है,



ताकि कोटि तीर्थ घाट और नर्मदा नदी का पवित्र स्वरूप आने वाली पीढियों तक सुरक्षित रह सके। यदि शीघ्र प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो स्थानीय जन और सामाजिक संगठन बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होंगे, जिसकी जिम्मेदारी पूरी तरह प्रशासन की होगी।

## अवैध कबाड़ चोरी के मामले में भालूमाड़ा पुलिस ने की कार्यवाही



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती-उर-रहमान के निर्देशन मे अति. पुलिस अधीक्षक इसरार मन्सूरी तथा अनु.अधि. कोतमा (पुलिस) श्रीमती आरती शाक्य के मार्ग दर्शन में थाना भालूमाड़ा की टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर 11 अगस्त को 6 बजे लगभग दो चोर तौफिक पिता मोहम्मद रफीक निवासी वार्ड न 13 गेट दफाई भालूमाड़ा, राहुल केवट उर्प पिन्टु पिता स्व. रामप्यारे केवट निवासी डबल स्टोरी भालूमाड़ा को कबाड़ रखे स्टोर में चोरी करने की नियत से घुसे थे जिन्हे सूचना पर घेराबंदी कर बडे मस्खत से उक्त दोनो चोरो को पकड़ा गया है दोनो के विरुध्द थाना भालूमाड़ा में अप.क्र. 352/25 धारा 332, 331(4) बीएनएस का अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया जाकर गिरफ्तार सुदा आरोपियों को जेआर पर माननीय न्यायालय पेश किया गया है। जेल वारंट पर जिला जेल अनूपपुर दाखिल किया गया!